### रतलाम आए प्रभारी मंत्री भदोरिया का सर्किट हाउस पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# कांग्रेस में हमारी राजनीतिक हत्या करने का प्रयास किया जा रहा था...

सिटी इवेंट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने के बाद मंत्री बनाए गए ओपीएस भदौरिया को रतलाम का प्रभारी मंत्री बनाए जाने के बाद रविवार को वह पहली बार रतलाम दौरे पर पहुंचे। अपने तय कार्यक्रम से करीब 3 घंटे से अधिक की देरी से रतलाम पहुंचे प्रभारी मंत्री का सर्किट हाउस पर पार्टी कार्यकर्ता और उनसे जुड़े लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा और ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना साथ में रहे।

सर्किट हाउस पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान प्रभारी मंत्री ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भाजपा एक संगठन आधारित पार्टी है, सेवा को लक्ष्य करना ये भाजपा का मूल उद्देश्य है। ये हमारे संकल्प की भावना के अनुरूप है। दूसरी तरफ कांग्रेस में ऐसी कोई संस्कृति नहीं थी। व्यक्तिवाद और गुटबाजी हावी था। हम ठीक से काम नहीं कर पा रहे थे और एक तरह से हमें राजनीतिक रूप से कमजोर कर हमारी राजनीतिक हत्या करने का प्रयास किया जा रहा था। जब हमारे सामने कोई विकल्प नहीं बचा तब हमने इस पार्टी को चुना। आज मैं खुश हूं एक साल में हमें असिमित प्यार व स्नेह भाजपा में मिला।

### स्वतंत्र महसूस कर रहा हूं

भाजपा और हमारे नेता श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को धन्यवाद देता हूं, जिस सहृदयता के साथ पार्टी ने हमको स्वीकार किया है और जो हमारे नेता का लक्ष्य है कि सेवा के लिए राजनीति करना तो उसी लक्ष्य के अनुरूप हम काम कर पा रहे है। मैं अपने आप को बहुत स्वतंत्र और अपने सिधांतों के अनुरूप काम कर पा रहा हूं। सिंधिया परिवार कभी पदों की राजनीति नहीं करता है, सेवा के संकल्प के साथ वे राजनीति करते है जिस पार्टी में है, उस पार्टी को परिवार माना है और सभी कार्यकर्ताओं को सदस्य मानते है।

### तो जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई

मिनी स्मार्ट सिटी के काम में देरी को लेकर कहना था कि अब मैं आया हूं तो विभागीय कार्यों की समीक्षा करूंगा और प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण किए जाएंगे जो काम में देरी हुई है, उसका कारण पता किया जाएगा और यदि संतोषजनक कारण नहीं मिला तो अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। स्थानांतरण के लिए नीति बनाई है, उसे देखते हुए दक्ष और योग्य अधिकारियों का चयन, क्षमता के आधार पर पदस्थापना, मानवीय दृष्टिकोण व आवश्यकता यह मुख्य बिंदु है, उसके आधार पर हम काम करेंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### ताला लगाकर गायब हुए अफसर

प्रभारी मंत्री जब सर्किट हाउस के भीतर पहुंचे तो उनके कक्ष पर ताला लगा हुआ था। वह बाहर खड़े थे और अधिकारी मंत्री जी के साथ आए उस शख्स को तलाश रहे थे जो कि ताला लगाकर चाबी ले गया था। कक्ष में कोई मंत्री के पहले प्रवेश ना करें इसी कारण से यहां पर उनके साथ आए एक अफसर ने ताला लगाया था और चाबी उनके पास थी।

## रतलाम आगमन पर सिंधिया भाजपा के तीनों विधायक और जिलाध्यक्ष के घर पहुंच करेंगे मुलाकात

रतलाम @ पत्रिका. पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार रतलाम आगमन पर उनके स्वागत की जोर शोर से तैयारियां चल रही है। सिंधिया सोमवार को मंदसौर से रतलाम जिले की सीमा में प्रवेश करेंगे और फिर यहां पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विधायकों और दिवंगत हुए पदाधिकारियों के घर भी जाएंगे। सिंधिया के रतलाम दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा अधिकृत कार्यक्रम जारी किया गया है।

भाजपा द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार 5 जुलाई को दोपहर 12.20 बजे सिंधिया मंदसौर से जावरा पहुंचेंगे। यहां पर वह विधायक डॉ राजेंद्र पांडे के निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात करेंगे। इसके बाद दोपहर 12.40 बजे वह जावरा में स्वर्गीय अशोक लुनिया के निवास बोल 12.55 बजे स्वर्गीय दिनेशचंद्र शर्मा और 1.05 बजे स्वर्गीय रामेश्वरी देवी के जावरा स्थित निवास स्थान पर संवेदना के लिए जाएंगे।

### जावरा से जाएंगे पिपलोदा

सिंधिया जावरा से दोपहर 1.20 बजे पिपलोदा के लिए रवाना होंगे। 1.45 बजे वहां पिपलोदा पहुंचेंगे और वहां पर महाराजी रघुवीर सिंह पिपलोदा के निवास स्थान पर, 1.55 बजे स्वर्गीय दिलीप सिंह के पिपलोदा स्थित निवास स्थान पर संवेदना के लिए जाएंगी। पिपलोदा से दोपहर 2.10 बजे रतलाम के लिए रवाना होंगे और 2.40 बजे रतलाम पहुंचेंगे।

### रतलाम में भी दिवंगत नेताओं के घर जाएंगे

रतलाम आगमन के बाद सिंधिया दोपहर 3.15 बजे राम मंदिर, सैलाना बस स्टैंड, बाल चिकित्सालय, कॉलेज रोड, नाहरपुरा, खेरादीवास, घास बाजार, माणक चौक में स्वर्गीय रणछोड़ लाल जी व्यास के निवास पर पहुंचेंगे। यहां से 3.25 बजे रंगरेज रोड होकर रानी जी का मंदिर, ब्राम्हणों का वास में स्वर्गीय विष्णु त्रिपाठी पूर्व निगम अध्यक्ष के निवास और फिर दोपहर 3.35 बजे काटजू नगर में स्वर्गीय शरद पाठक के निवास पर शोक संवेदना के लिए पहुंचेंगे।

### शहर विधायक और जिलाध्यक्ष के घर जाएंगे

दोपहर 3.45 बजे सिंधिया काटजू नगर से स्टेशन रोड शहर विधायक के निवास स्थान पहुंचेंगे और शाम 4.15 बजे मंगलम सिटी स्थित भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा के घर पहुंचेंगे। यहां से 4.25 बजे महू रोड स्थित कृषि उपज मंडी पहुंचकर माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। उसके बाद 4.50 बजे ग्रामीण विधायक दिलीप कुमार मकवाना के ग्राम सरवड़-जमुनिया स्थित निवास पर पहुंचकर मुलाकात करके, शाम 5.05 पर धार के लिए रवाना होंगे।

पत्रिका 5/7/21


**टीकाकरण से राहत: दूसरी लहर के मुकाबले 50% कम हो सकते हैं केस**

# ज्यादा मारक नहीं होगी तीसरी लहर, अक्टूबर-नवंबर में आ सकता है पीक

## डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा गठित पैनल के वैज्ञानिकों का अनुमान

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश में कोरोना की आशंकित तीसरी लहर के आने से पहले वैज्ञानिक सावधान कर रहे हैं। यदि कोरोना से बचाव की गाइड लाइन में लापरवाही बरती गई तो तीसरी लहर अक्टूबर-नवंबर तक पीक पर पहुंच सकती है। हालांकि, गणितीय गणना के आधार पर एक सरकारी पैनल के वैज्ञानिकों का मानना है कि तीसरी लहर दूसरी लहर जैसी मारक नहीं होगी। इस दौरान नया वैरिएंट नहीं आया तो संक्रमितों की संख्या दूसरी लहर के पीक से करीब 50% तक कम होगी। प्रतिदिन करीब 1.5 से 2 लाख नए मामले आ सकते हैं। दूसरी लहर में यह संख्या 4 लाख से ज्यादा तक पहुंची थी।




## गणितीय मॉडल से गणना

**डिपार्टमेंट** ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने इस पैनल का गठन 1 साल पूर्व गणितीय मॉडल से कोरोना मामलों में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान लगाने के लिए किया था। पैनल में आइआइटी कानपुर के वैज्ञानिक मनिंद्र अग्रवाल, आइआइटी हैदराबाद के वैज्ञानिक एम. विद्यासागर व डिफेंस स्टाफ के उप प्रमुख (चिकित्सा) लेफ्टिनेंट जनरल माधुरी कानिटकर शामिल हैं।



## इसलिए संक्रमण कम

तीसरी लहर में इम्युनिटी, रिकवर हुए लोगों में कोरोना के खिलाफ बनी प्रतिरक्षा क्षमता व टीकाकरण की अहम भूमिका होगी। टीकाकरण से गंभीर होने वाले मरीजों की संख्या कम हो सकती है। इस आधार पर तीन तरह की संभावनाएं व्यक्त की गई हैं।

## नए वैरिएंट का डर

गणितीय मॉडल (सूत्र मॉडल) पर काम कर रहे आइआइटी कानपुर के वैज्ञानिक मनिंद्र अग्रवाल के अनुसार तीसरी लहर में मामले तो कम रहेंगे लेकिन नया वैरिएंट के आने के बाद संक्रमण तेजी से फैल भी सकता है।

## यूके: वैक्सीनेशन से चौथी लहर पर काबू

पैनल के सदस्य एम. विद्यासागर के अनुसार ब्रिटेन में जनवरी में हर दिन 60 हजार नए केस व 1,200 से ज्यादा मौतें हो रही थीं। चौथी लहर में नए केस कम होकर 21 हजार और मौतों की संख्या 14 पर आ गई। अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में गिरावट हुई।

**मध्यप्रदेश का हाल**

## फिर बढ़ने लगे कोरोना के नए केस, कम हो रहे सक्रिय मरीज

भोपाल@पत्रिका महाराष्ट्र की तरह मध्यप्रदेश में फिर कोरोना के नए केस बढ़ने लगे हैं। हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, हालात 10 दिन पहले मिलने वाले नए केस के बन गए हैं। नए केस बढ़ने का सिलसिला 1 जुलाई से शुरू हुआ है, जबकि 30 जून तक नए केस में कमी आ रही थी। इस तारीख को 33 केस मिले थे। अब नए संक्रमित 50 के आसपास मिल रहे हैं। उधर, एक्टिव केस कम हो रहे हैं। यह संख्या 400 के आसपास आ गई है। भोपाल, इंदौर के अलावा दमोह, राजगढ़, बैतूल और रतलाम जिले में 20-20 से ज्यादा एक्टिव केस हैं। 10% मरीज गंभीर हैं। हालांकि मौत के आंकड़ों में कमी आई है। पिछले माह तक हर दिन 50 से अधिक संक्रमितों की मौतें होती थी, लेकिन इस माह यह संख्या 20 पर टिक गई है। बैतूल जिले में दूसरी लहर शुरू होने से अब तक नए केसों में अन्य जिलों की तुलना में कोई खास सुधार नहीं हुआ है।



पत्रिका 5/7/21

**सिंधिया के दौरे से सियासी लहर** • 5 जुलाई को 4 घंटे 45 मिनट रहेंगे जिले में, जावरा से प्रवेश कर सरवड़ से धार रवाना होंगे

# जिला प्रभारी मंत्री और दो वफादारों ने प्रदेश कार्यसमिति में दिलवाया पद, आज महाराज दौरे पर, नगरीय निकाय चुनाव में भी रहेगा दखल, भाजपा में हलचल

भास्कर संवाददाता | रतलाम

भाजपा का दामन थामे के सवा साल बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया 5 जुलाई को जिले का दौरा करेंगे। कोरोना के बाद महाराज की आमद ने अब तक शांत पड़े राजनीतिक गलियारों में सियासी लहर पैदा कर दी है।

जिला प्रभारी और जिले से दो वफादारों को प्रदेश कार्यसमिति में पद दिलवाने के बाद सिंधिया के दौरे को मालवांचल में पकड़ और मजबूत करने की कोशिश के रूप में जोड़ कर देखा जा रहा है। इससे भाजपा खेमे में हलचल है। वजह, आगामी नगरीय निकाय चुनाव है। माना जा रहा है कि पार्षद, महापौर से लेकर अध्यक्ष व अन्य प्रमुख पदों को लेकर भी सिंधिया का खासा दखल रहेगा। सोमवार को सिंधिया जावरा से लेकर सरवड़ जमुनिया तक लगभग 4.45 घंटे जिले में रहेंगे। इसमें जावरा, पिपलौदा, रतलाम और सरवड़ जमुनिया जाएंगे। इस दौरान शहर विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना से तो मिलेंगे ही, सात मृत कार्यकर्ताओं के घर जाकर संवेदना व्यक्त करेंगे। खैर फिलहाल शुद्ध भाजपाई और दल बदलकर आए नेता तैयारियों में जुटे हैं। इसमें प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया और जलसंसाधन मंत्री तुलसी सिलावट भी साथ रहेंगे।

## सिंधिया की एंट्री से बदले समीकरण

- **जिला कार्यकारिणी** - डेढ़ साल के इंतजार के बाद गुरुवार को घोषित होने वाली थी, जो फिर रुक गई है। अगले सप्ताह जारी होने संभावना। बताया जा रहा है कि इसमें भी सिंधिया गुट के कुछ लोगों को जिम्मेदारी मिल सकती है।
- **जिले का प्रभार** - चार दिन पहले सिंधिया गुट के ओपीएस भदौरिया को जिला प्रभारी मंत्री बनाया गया है। एक जुलाई से ट्रांसफर भी खुल गए हैं। यानी ट्रांसफर कराने में सिंधिया गुट का दबदबा रहेगा जिससे भाजपायी उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।
- **नगरीय निकाय चुनाव** - अगस्त-सितंबर में संभावित है। पहले अप्रैल में होने वाले थे, जिसके लिए भाजपा ने पूरी जमावट कर ली थी। अब माना जा रहा है कि पार्षद से लेकर महापौर तक के लिए सिंधिया गुट से भी समन्वय बैठाना होगा।
- **विधानसभा चुनाव** - 2023 अंत में विधानसभा चुनाव होना है। जिले में पांच विधानसभा क्षेत्र है, इसमें भी एक क्षेत्र खासकर जावरा में सिंधिया की अच्छी पकड़ है इसलिए वहां का टिकट उनके खेमे में जा सकता है।

## ऐसे चलेगा ज्योतिरादित्य सिंधिया का दौरा

- **दोपहर 12.20 बजे** - डॉ. राजेंद्र पांडे से मिलेंगे। इसके बाद जावरा के स्व. अशोक लुनिया, दिनेशचंद्र शर्मा, रामेश्वरी देवी के घर जाकर परिजन से मिलेंगे।
- **दोपहर 1.45 बजे** - पिपलौदा पहुंचकर रघुवीर सिंह, स्व. दिलीप सिंह के घर जाकर संवेदना व्यक्त करेंगे।
- **दोपहर 2.40 बजे** - रतलाम आएंगे, माणकचौक में स्व. रणछोड़लाल व्यास, विष्णु त्रिपाठी, शरद फाटक के घर जाकर परिजनों से मिलेंगे।
- **दोपहर 3.45 बजे** - शहर विधायक चेतन्य काश्यप से मिलने स्टेशन रोड स्थित निवास आएंगे।
- **अपराह्न 4.15 बजे** - अहिंसा ग्राम रोड मंगलम सिटी स्थित भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा के घर, वहां से कृषि मंडी में माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।
- **शाम 4.50 बजे** - सरवड़ जमुनिया पहुंचकर रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना से मिलेंगे। वहां से धार के लिए रवाना होंगे।

दै. भास्कर 5/7/21

**टीकाकरण**

# वैक्सीनेशन: आज कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा

## तैयारी: जिले में 75 वैक्सीनेशन सेंटर किए तैयार



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. कोरोना वैक्सीनेशन प्लान के तहत 5 जुलाई सोमवार को रतलाम जिले के 75 वैक्सीनेशन सेंटर पर केवल कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा। जिन लोगों को पहला डोज लगाने के बाद 84 दिवस पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें ही द्वितीय डोज लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वैक्सीनेशन के लिए जिले के समस्त वैक्सीनेशन सेंटर का निर्धारण किया जा चुका है। रतलाम शहर में वार्ड अनुसार 22 वैक्सीनेशन सेंटर निर्धारित किए गए हैं।

निर्धारित वैक्सीनेशन सेंटर में वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 के लिए रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 के लिए गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 के लिए प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास, वार्ड क्रमांक 8 के लिए कम्युनिटी हॉल अलकापुरी, वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 के लिए साई श्री एकेडमी स्कूल 80 फीट रोड, वार्ड क्रमांक 11 एवं 12

राधाकृष्ण स्कूल दीनदयाल नगर, वार्ड क्रमांक 21 एवं 22 के लिए सरस्वती स्कूल अमृत सागर, वार्ड क्रमांक 23 और 24 के लिए ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, वार्ड क्रमांक 25 एवं 26 के लिए सगरवंशी माली समाज धर्मशाला मालिकुआ, वार्ड क्रमांक 27 के लिए जमातखाना शेरानीपुरा, वार्ड क्रमांक 29, 30, 31 के लिए घटला रेलवे अस्पताल, वार्ड क्रमांक 32 के लिए डीआरएम ऑफिस दो बत्ती, वार्ड क्रमांक 33, 34 के लिए लायंस हाल पावर हाऊस रोड, वार्ड क्रमांक 35, 36, 37 के लिए रंगोली गीता मंदिर रोड, वार्ड क्रमांक 38,39 के लिए राजपूत बोर्डिंग, शास्त्री नगर, वार्ड क्रमांक 40, 41, 42 के लिए माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, वार्ड क्रमांक 43, 44 के लिए बोहरा कम्युनिटी हॉल एवं वार्ड क्रमांक 45, 46 के लिए वेद व्यास कॉलोनी रतलाम में वैक्सीनेशन सेंटर निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार आलोट क्षेत्र में

# संकट टला नहीं: चार नए कोरोना पॉजिटिव आए सामने

रतलाम @ पत्रिका. मेडिकल कॉलेज की लैब से रविवार की रात आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 20 वर्ष की चार युवतियां पॉजिटिव आई हैं। एक ही उम्र की चार युवतियों के एक साथ पॉजिटिव आने से हर कोई इसी बात की चर्चा कर रहा है कि अब कम उम्र के लोगों में संक्रमण आने लगा है। चारों ही युवतियां अलग-अलग गांव की निवासी हैं। फिलहाल रतलाम में हालातों में काफी सुधार है। मरीजों की संख्या जिले में अब गिनती की रह गई है जो कि पहले काफी अधिक थी।

पत्रिका 5/7/21

## निगम में नामांतरण के लिए कर्मचारी कर रहे मनमानी

रतलाम। नगर निगम में आमजन के कामों को लेकर लापरवाही कर कर्मचारी मनमाने नियम बताकर परेशान कर रहे हैं। यह आरोप लगाते हुए युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मयंक जाट ने कहा कि विकास शाखा से भवन, भूखंड के नामांतरण, लीज नवीनीकरण को लेकर नगर व ग्राम निवेश विभाग से एनओसी मंगवाई जा रही है जबकि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। विभाग ने भी निगम को इस संबंध में पत्र लिखा है। इसी तरह नए राशनकार्ड आनलाइन बनाने की व्यवस्था की गई है, लेकिन कर्मचारी नाम जोड़ने, काटने, पते में परिवर्तन को लेकर लोक सूचना विभाग से काम कराने का कह रहे हैं। व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो युवक कांग्रेस आंदोलन करेगी।

Indi6

## आज कोविशील्ड का दूसरा डोज लगेगा

# 11,600 को टीका लगाने की तैयारी, 31,012 लोगों की दूसरे डोज की बारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आज जिले में सिर्फ कोविशील्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा। पहला डोज लगवाने वाले केंद्रों पर ना जाएं। इधर, दूसरे डोज के लिए भी मशक्कत हो सकती है क्योंकि 11,600 लोगों को टीका लगाने की तैयारी की गई है, जबकि जिले में 31,012 लोग ऐसे हैं जिनका दूसरे डोज का नंबर आ चुका है। यानी दोगुने से भी ज्यादा।

कोविशील्ड का दूसरा टीका सिर्फ उन लोगों को ही लगाया जाएगा जिन्होंने 84 दिन पहले पहला डोज लगवाया था। कम टीकों के साथ सत्र लगाए जा रहे हैं। इधर शहर में वैक्सीनेशन के लिए 75 सेंटर बनाए गए हैं, इनमें एक सेंटर पर 240 लोगों को टीके लगाए जाएंगे। वहीं ग्रामीण अंचलों में भी बड़े पैमाने पर टीकाकरण के सत्र लगेंगे। सभी केंद्रों पर वैक्सीन की अलग-अलग संख्या तय की गई है। रतलाम शहर में ज्यादा मशक्कत हो सकती है क्योंकि 13,149 लोगों को कोविशील्ड का दूसरा टीका लगाया जाना है जबकि डोज 5600 ही लगाए जाएंगे।

**8 बजे से मिलेंगे टोकन :** केंद्रों पर टोकन सिस्टम लागू कर दिया गया है। यानी सुबह 8 बजे से टोकन मिलना शुरू हो जाएंगे। केंद्रों पर भीड़ नहीं लगाना होगी, टोकन पर समय भी दिया जाएगा, उस वक्त आप पहुंचकर टीका लगवा सकते हैं।

### शहर में 22 सेंटर... जानिए... किस वार्ड के लोग कहां जाएं

| वार्ड क्र. | सत्र स्थल |
|---|---|
| वार्ड 1, 2 व 3 | रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा |
| वार्ड 4 व 5 | गुरु रामदास स्कूल, विनोबा नगर |
| वार्ड 6 व 7 | प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास |
| वार्ड 8 | कम्युनिटी हॉल, अलकापुरी |
| वार्ड 9 व 10 | साईंश्री एकेडमी स्कूल, 80 फीट रोड |
| वार्ड 11 व 12 | बोधि स्कूल, डोंगरे नगर |
| वार्ड 13 व 14 | आंबेडकर मांगलिक भवन, जवाहर नगर |
| वार्ड 15 व 16 | आईएमए हॉल, राजेंद्र नगर |
| वार्ड 17 व 18 | काश्यप सभागृह, सागोद रोड |
| वार्ड 19 व 20 | राधाकृष्ण स्कूल, दीनदयाल नगर |
| वार्ड 21 व 22 | सरस्वती स्कूल अमृत सागर |
| वार्ड 23 व 24 | ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, बालाजी नगर |
| वार्ड 25 व 26 | सगरवंशी माली समाज धर्मशाला, मालीकुआं |
| वार्ड 27 | जमातखाना, शेरानीपुरा |
| वार्ड 29, 30, 31 | घटला रेलवे अस्पताल |
| वार्ड 32 | डीआरएम ऑफिस दो बत्ती |
| वार्ड 33, 34 | लायंस हॉल पावर हाउस रोड |
| वार्ड 35, 36, 37 | रंगोली गीता मंदिर रोड |
| वार्ड 38, 39 | राजपूत बोर्डिंग, शास्त्री नगर |
| वार्ड 40, 41, 42 | माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार |
| वार्ड 43, 44 | बोहरा कम्युनिटी हॉल |
| वार्ड 45, 46 | वेदव्यास कॉलोनी, रतलाम |

(इसके अलावा आलोट क्षेत्र में 9, बाजना क्षेत्र में 5, जावरा क्षेत्र में 18, पिपलौदा क्षेत्र में 11, सैलाना क्षेत्र में 3 व रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 5 वैक्सीनेशन सेंटर रहेंगे।)

दै. भास्कर 5/7/21

# महापौर के सीधे चुनाव के लिए फिर आएगा संशोधन विधेयक


भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में महापौर और नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता करेगी। इसके लिए शिवराज सरकार विधानसभा के मानसून सत्र में एक बार फिर नगर पालिक विधि संशोधन विधेयक लाएगी। बजट सत्र में भी इसे प्रस्तुत किया गया था लेकिन उस पर चर्चा नहीं हो सकी व सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई थी।

कमल नाथ सरकार ने नगर पालिक विधि में संशोधन करते हुए महापौर और अध्यक्ष का चुनाव जनता की जगह पार्षदों के बीच से करने का प्रविधान किया था। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव सहित भाजपा ने विरोध दर्ज कराते हुए राज्यपाल से इन प्रविधानों को लागू करने की अनुमति नहीं देने की मांग रखी थी। हालांकि, राज्यपाल ने इसे कुछ दिन बाद अनुमति दे दी थी।

इसके बाद विधेयक लाया गया था लेकिन चुनाव नहीं हो पाए और सत्ता परिवर्तन हो गया। शिवराज सरकार ने सितंबर 2020 में अध्यादेश के माध्यम से फिर पुरानी व्यवस्था लागू कर दी। विधानसभा के बजट सत्र फरवरी 2021 में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने पुरानी व्यवस्था बरकरार रखने के लिए नगर पालिक विधि संशोधन

**विधानसभा का मानसून सत्र**

- **बजट सत्र में पारित नहीं हो पाया था नगर पालिक विधि संशोधन विधेयक**
- **सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए हो गई थी स्थगित**



यह पारित हो पाता, इसके पहले सदन की कार्यवाही कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए 16 मार्च को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी।

**फिर से लाना होगा विधेयक:** विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह का कहना है कि जो विधेयक सदन में प्रस्तुत हो गए थे लेकिन पारित नहीं हो सके, उन्हें सरकार को फिर से लाना होगा। उधर, विभाग का कहना है कि संशोधन विधेयक एक बार विधानसभा में प्रस्तुत हो चुका है इसलिए अब नए सिरे से प्रक्रिया नहीं

**टीकाकरण** **शहर में कहीं भी पहली डोज नहीं लगेगी, प्रशासन ने किए इंतजाम**

# आज 75 सेंटरों पर लगाई जाएगी कोविशील्ड की दूसरी डोज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन प्लान में पांच जुलाई को जिले के 75 वैक्सीनेशन सेंटर पर केवल कोविशील्ड का दूसरी डोज लगाई जाएगी। जिन लोगों को पहली डोज लगाने के बाद 84 दिन हो चुके हैं, वे दूसरी डोज लगवा सकते हैं।


रतलाम शहर में 22 वैक्सीनेशन सेंटर निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित वैक्सीनेशन सेंटर में वार्ड एक, दो, तीन के लिए रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, वार्ड चार एवं पांच के लिए गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, वार्ड छह व सात के लिए प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास, वार्ड आठ के लिए कम्युनिटी हाल अलकापुरी, वार्ड नौ व दस के लिए साईं श्री एकेडमी स्कूल 80 फीट रोड, वार्ड 11 एवं 12 के लिए बोधी स्कूल डोंगरे नगर, वार्ड 13 एवं 14 के लिए आंबेडकर मांगलिक भवन जवाहर नगर, वार्ड 15 एवं 16 के लिए आइएमए हाल राजेंद्र नगर, वार्ड 17 और 18 के लिए काश्यप सभागृह सागोद रोड, वार्ड 19 और 20 के लिए राधाकृष्ण स्कूल दीनदयाल नगर, वार्ड 21 एवं 22 के लिए सरस्वती स्कूल अमृत सागर, वार्ड 23 और 24 के लिए ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, वार्ड 25 एवं 26 के लिए समरवंशी माली समाज धर्मशाला मालीकुआं, वार्ड 27 के लिए जमातखाना शेरानीपुरा, वार्ड 29, 30, 31 के लिए घटला रेलवे अस्पताल, वार्ड 32 के लिए डीआरएम आफिस दो बत्ती, वार्ड 33, 34 के लिए लायंस हाल पावर हाउस रोड, वार्ड 35, 36, 37 के लिए रंगोली गीता मंदिर रोड, वार्ड 38,39 के लिए राजपूत बोर्डिंग, शास्त्री नगर, वार्ड 40, 41, 42 के लिए माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, वार्ड 43, 44 के लिए बोहरा कम्युनिटी हाल एवं वार्ड 45, 46 के लिए वेद व्यास कालोनी रतलाम में वैक्सीनेशन सेंटर निर्धारित किया गया है।

इसी प्रकार आलोट क्षेत्र में नौ, बाजना क्षेत्र में पांच, जावरा क्षेत्र में 18, पिपलौदा क्षेत्र में 11, सैलाना क्षेत्र में तीन एवं रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में पांच वैक्सीनेशन सेंटर निर्धारित किए गए।

## चार नए पाजिटिव केस

रतलाम। जिले में रविवार को चार नए पाजिटिव केस सामने आए। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 17 है। जिले में अब तक 17488 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17160 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है। जुलाई के चार दिनों में कुल छह नए पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 31 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत एक भी नहीं हुई है। कोरोना संक्रमण की रफ्तार थमने से सभी राहत महसूस कर रहे हैं।






नईदुनिया 5/7/21

# कोविशील्ड के लिए दूसरे टीके के लिए आज 22 केंद्र निर्धारित किए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

सोमवार को 22 केंद्रों पर कोविशील्ड वैक्सीन के दूसरे डोज के टीके लगाए जाएंगे। जिन लोगों ने पहला टीका 84 दिन के पूर्व लगाया था उन्हें दूसरा टीका आज लगाया जाएगा।

टीकाकरण केंद्र पर प्रात: 8 से 9 बजे तक के बीच टीका लगाने वालों को टोकन वितरित किए जाएंगे। टीकाकरण का समय प्रात: 9 बजे से है। दूसरा टीका लगाने के लिए अपना मोबाइल नंबर जो पहले टीके के समय लगाया गया था वह लेकर आएं।

**इन स्थलों पर लगेंगे टीके-** वार्ड 1, 2, 3 के लिए रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, 4-5 के लिए गुरु रामदास स्कूल, विनोबा नगर, 6-7 के लिए प्रिंस पैलेस, साक्षी पेट्रोल पम्प के पास, 8 के लिए कम्युनिटी हाल, अलकापुरी, 9-10 के लिए साईश्री एकेडमी स्कूल, 80 फीट रोड, 11-12 के लिए बोधी स्कूल, डोंगरे नगर, 13-14 के लिए आम्बेडकर मांगलिक भवन जवाहर नगर, 15-16 के लिए आईएमए हाल राजेन्द्र नगर, 17-18 के लिए काश्यप सभागृह जैन स्कूल सागोद रोड, 19-20 के लिए राधाकृष्ण स्कूल दीनदयाल नगर, 21-22 सरस्वती स्कूल, अमृत सागर, 23-24 के लिए ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, 25-26 के लिए सगरवंशी माली समाज धर्मशाला, मालीकुआ, 27 के लिए जमातखाना शैरानीपुरा, 29-30-31 के लिए घटला रेलवे अस्पताल, 32 के लिए डीआरएम आफिस दो बत्ती, 33-34 के लिए लायंस हाल पावर हाउस रोड, 35-36-37 के लिए रंगोली गीता मंदिर रोड, 38-39 के लिए राजपूत बोर्डिंग शास्त्री नगर, 40-41-42 के लिए माहेश्वरी धर्मशाला, कसारा बाजार, 43-44 के लिए बोहरा कम्युनिटी हाल बोहरा बाखल, 45-46 के लिए सूरज हाल, वेदव्यास कॉलोनी केंद्र निर्धारित किए गए है।

## 4520 ने को-वैक्सीन का दूसरा टीका लगवाया

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर ननावरे ने बताया कि जिले में शनिवार को शहर में को -वैक्सीन का दूसरा टीका कुल 4520 लोगों को लगाया गया। उल्लेखनीय है कि 4 जुलाई को कोविड संबंधी टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

# आज शहर के 22 केन्द्रों पर लगेगा कोविशिल्ड का द्वितीय डोज

रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन प्लान के तहत सोमवार को रतलाम जिले के 75 वैक्सीनेशन सेंटर पर केवल कोविशिल्ड का दूसरा डोस लगाया जाएगा। जिन लोगों को पहला डोज लगाने के बाद 84 दिवस पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें ही द्वितीय डोज लगाया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सोमवार के वैक्सीनेशन के लिए जिले के समस्त वैक्सीनेशन सेंटर का निर्धारण किया जा चुका है। रतलाम शहर में वार्ड अनुसार 22

20 के लिए राधाकृष्ण स्कूल दीनदयाल नगर, वार्ड क्रमांक 21 एवं 22 के लिए सरस्वती स्कूल अमृत सागर, वार्ड क्रमांक 23 और 24 के लिए ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, वार्ड क्रमांक 25 एवं 26 के लिए सगरवंशी माली समाज धर्मशाला मालिकुआ, वार्ड क्रमांक 27 के लिए जमातखाना शैरानीपुरा, वार्ड क्रमांक 29, 30, 31 के लिए घटला रेलवे अस्पताल, वार्ड क्रमांक 32 के लिए डीआरएम ऑफिस दो बत्ती, वार्ड क्रमांक 33, 34 के लिए लायंस हाल पावर

# एम्स-आईआईटी बोले- तीसरी लहर अगस्त में, लेकिन...

# मप्र में स्वास्थ्य इंतजामों की डेडलाइन सितंबर

## तीसरी लहर में खतरा बच्चों को, लेकिन पीडियाट्रिक्स आईसीयू की डेडलाइन 30 सितंबर

भगवान उपाध्याय | भोपाल

प्रदेश में कोविड महामारी की तीसरी संभावित लहर से निपटने के इंतजाम अभी भी आधे-अधूरे हैं। डेल्टा प्लस के केस बढ़ने के बावजूद प्रदेश में इलाज की सुविधाओं में बढ़ोतरी की रफ्तार बेहद धीमी है। एम्स दिल्ली और आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ अगस्त में तीसरी लहर आने के संकेत दे चुके हैं। लेकिन राज्य सरकार ने इससे निपटने के लिए की जाने वाली ज्यादातर तैयारियों की डेडलाइन अगस्त अंत या सितंबर अंत तक की रखी है। चाहे बात बच्चों के आईसीयू वार्ड की हो या ऑक्सीजन प्लांट की, सबकुछ धीमी गति से चल रहा है। चिंता की बात यह है कि यह सारे इंतजाम बड़े शहरों के लिए प्रस्तावित हैं, तहसील से लेकर निचले स्तर तक के अस्पतालों की तरफ अभी कोई ध्यान ही नहीं है। आईसीएमआर के डायरेक्टर डॉ. रजनीकांत श्रीवास्तव कहते हैं कि फिलहाल 40 हजार से ज्यादा केस रोज आ रहे हैं, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि खतरा पूरी तरह टल गया है। तीसरी लहर से बचने के लिए जल्द ही जिला स्तर से लेकर गांव तक प्रोटोकॉल बनाना होगा।

### कब तक डेडलाइन : 78 ऑक्सीजन प्लांट लगने हैं, 7 ही शुरू हो सके



- **ऑक्सीजन प्लांट** : सरकार का दावा है कि 78 प्रेशर स्विंग एडसोरप्शन प्लांट लगाए जा रहे हैं। ये 51 जिला अस्पतालों, 6 सरकारी मेडिकल कॉलेजों, 9 सिविल अस्पतालों, 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, एक-एक मिलिट्री हॉस्पिटल और बीमा अस्पताल में लगने हैं। इनकी क्षमता 100 एलपीएम से 1500 एलपीएम तक की है।
- कोल इंडिया, ओएनजीसी, पेटीएम, एचडीएफसी, डीआईजीईओ मिलकर 11 प्लांट लगाएंगे। **डेडलाइन : सितंबर, 2021**
- केंद्र सरकार की ओर से लगाए जा रहे 78 प्लांट में से 7 चालू हो गए हैं। शेष 71 प्लांट चालू होना है। **डेडलाइन : सितंबर, 2021**
- सरकारी मदद से एक्सटेम टेक कंपनी 15 प्लांट लगाएगी। **डेडलाइन : 22 अगस्त**
- मुख्यमंत्री राहत कोष से 5 ऑक्सीजन प्लांट गेल्कॉन कंपनी लगाएगी। **डेडलाइन : 19 जुलाई**
- सीएम राहत कोष की मदद से डीआरडीओ ट्राइडेंट 8 प्लांट लगाएगी। **डेडलाइन : 21 जुलाई**
- केंद्र की मदद से हाईटस 5 प्लांट लगाएगी। **डेडलाइन : 27 जुलाई**
- इंडियन ऑइल कार्पोरेशन लिमिटेड की ओर से ट्राइडेंट 3 प्लांट लगाएगी। **डेडलाइन : 27 जुलाई**

### जिला अस्पतालों में 2983 आईसीयू बेड बढ़ने हैं, लेकिन सितंबर तक मुमकिन नहीं

**आईसीयू हाई डिपेंडेंसी यूनिट बेड** : जिला अस्पतालों में 813 और मेडिकल कॉलेजों में 650 ऐसे बेड हैं। जिला अस्पतालों में 2983 और मेडिकल कॉलेजों में 575 बेड बढ़ेंगे।
**डेडलाइन : 30 सितंबर**

**पीडियाट्रिक आईसीयू बेड** : जिला अस्पतालों में 200 और मेडिकल कॉलेजों में 320 ऐसे बेड हैं। जिला अस्पतालों में 326 और मेडिकल कॉलेजों में 204 पीडियाट्रिक्स आईसीयू बेड बनाए जाएंगे।
**डेडलाइन : 30 सितंबर**

**ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड** जिला अस्पतालों में 11184 और मेडिकल कॉलेजों में 4193 ये बेड हैं। जिला अस्पतालों में 2887 और मेडिकल कॉलेजों में 866 नए बेड बनेंगे।
**डेडलाइन : 31 अगस्त**

**ऑक्सीजन पीडियाट्रिक वार्ड** अभी जिला अस्पतालों में 379, मेडिकल कॉलेजों में 964 ऐसे बेड हैं। जिला अस्पतालों में 644 और मेडिकल कॉलेजों में 260 नए बेड पीडियाट्रिक वार्ड में बनाए जाएंगे।
**डेडलाइन : 31 अगस्त**

- **एंबुलेंस** : 167 एडवांस तो 550 बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस हैं, ये जल्द ही 835 हो जाएगी। गर्भवती के लिए 1050 जननी एक्सप्रेस करना है।
- **ऑक्सीजन कांसेंट्रेटर** : सरकारी अस्पतालों में 4000 ऑक्सीजन कांसेंट्रेटर उपलब्ध हैं। केंद्र से 2500 और मिलेंगे। कब मिलेंगे, यह तय नहीं।

दै. भास्कर 5/7/21

दैनिक भास्कर रतलाम, सोमवार, 05 जुलाई, 2021

**रतलाम में ली बैठक** • पहले दौरे में एक्शन मोड में नजर आए जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया

# कोरोना से कई काम प्रभावित, संतोषजनक वजह नहीं मिली तो अफसरों पर होगी कार्रवाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

काम नहीं करने वाले अफसरों पर नजर टेढ़ी करते हुए रविवार को पहली बार रतलाम आए जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने साफ चेतावनी दे दी। भदौरिया बोले विकास और सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले के अधूरे और पेंडिंग कामों की जांच कराएंगे। संतोषजनक कारण नहीं मिला तो अधिकारियों पर कार्रवाई करेंगे। कोरोना संकट के कारण कई योजनाएं प्रभावित हुई हैं। सबको जल्द पूरा करवाएंगे।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रभारी भदौरिया ने कहा कि खुशी है कि स्वतंत्र होकर सिद्धांतों के अनुरूप काम कर पा रहा हूं। भाजपा संगठन आधारित पार्टी है। सेवा और विकास मूल लक्ष्य है जो हमारी भावना के अनुरूप है। कांग्रेस में ऐसी कोई संस्कृति नहीं थी। व्यक्तिवाद और गुटबंदी हावी थी। कोई विकल्प नहीं बचा तो भाजपा को चुना।

## किसके लिए क्या बोले प्रभारी मंत्री

- **जनता** - गरीबों और कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर काम करेंगे।
- **बिजली** - वर्तमान समय में किसानों को इसकी जरूरत है। बिजली संकट सरकार की नजर में है। गंभीरता से काम कर किसानों को पर्याप्त बिजली देने का प्रयत्न कर रहे हैं।
- **खाली पद** - आरडीएम, निगम, मंडल सहित अन्य समितियों के खाली पदों को लेकर जो समस्याएं हैं, उसका निराकरण कर जल्द भरे जाएंगे।
- **स्थानांतरण** - सरकार की नीति के अनुरूप होंगे। दक्षता, योग्यता और क्षमता के आधार पर अधिकारियों की पदस्थापना की जाएगी।
- **दावेदारी** - सिंधिया के सीएम पद की दावेदारी पर प्रभारी मंत्री बोले सिंधिया परिवार कभी पदों की राजनीति नहीं करता।
- **महंगाई** - पेट्रोल और डीजल के दाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तय होते हैं। प्रदेश और देश की सरकार का योगदान नहीं होता।
- **आते ही शिकवा-शिकायतों का दौर शुरू** - प्रभारी मंत्री के पहुंचते ही शिकवा-शिकायतों का दौर शुरू हो गया। इस पर प्रभारी मंत्री ने भी दो से तीन बार नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया को बुलाकर जानकारी ली। इसके अलावा भी कई लोगों ने बाकायदा लिखित में प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपे।

## रूम नंबर एक की चाबी के लिए भागदौड़



चाबी नहीं मिलने पर सर्किट हाउस के रूम नंबर एक के बंद दरवाजे के सामने खड़े प्रभारी मंत्री भदौरिया।

सर्किट हाउस पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिलते-मिलाते प्रभारी मंत्री रूम नंबर वन पहुंचे तो गेट का ताला लगा था। यह देख अफसरों के हाथ-पैर फूल गए। बाद में मंत्री के स्टॉफ का सदस्य ही चाबी लेकर आया और रूम खोला। बगीचे में छोटी मीटिंग भी हुई, जिसमें प्रभारी मंत्री ने उपस्थितों को मार्गदर्शन दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, प्रदीप उपाध्याय, निमिष व्यास, मयूर पुरोहित, नीलेश गांधी सहित अन्य उपस्थित रहे।

भास्कर

दै. भास्कर 5/7/21



# 140 बैंकर्स को को-वैक्सीन का द्वितीय टीका लगाया

रतलाम ● सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 3 जुलाई को सेंट आरसेटी ( ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बिरियाखेड़ी ) में शहर के बैंकर्स को कोरोना वैक्सीनेशन के सेकंड डोज हेतु टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 140 बैंकर्स को वैक्सीनशन का द्वितीय टीका लगाया गया। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राकेश गर्ग ,बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अमित गुप्ता तथा अग्रणी बैंक कार्यालय से राजेश अम्बोलिकर, भगवानलाल पंवार एवं आरसेटी रतलाम निदेशक श्री पोरवाल एवं स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ राकेश गर्ग एलडीएम द्वारा मेडिकल स्टाफ के सहयोग की सराहना एवं उनके अभिनंदन से प्रारंभ किया गया।

# कोरोना संक्रमण में बड़ा सुकून : 19 दिन में 19 हजार से ज्यादा लोगों के लिए सैंपल, पॉजिटिव 29, मौत 0, अब एक्टिव केस केवल 17

## मेडिकल कॉलेज में अब मरीजों से ज्यादा नर्स और डॉक्टर, वार्ड खाली हुए... कई वार्डों को किया बंद, अब बिना मास्क घूम रहे लोगों के सैंपल लेने में जुटा स्वास्थ्य अमला

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना के आंकड़े अब सुकून दे रहे हैं। जिले में 19 दिन में 19 हजार लोगों के सैंपल हो चुके हैं लेकिन इनमें से सिर्फ 29 पॉजिटिव ही सामने आए हैं। इस दौरान किसी भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है। इधर अब एक्टिव केस भी सिर्फ 17 ही बचे हैं जो बड़ी राहत है।

कोरोना की दूसरी लहर तबाही मचाने के बाद अब शांत सी हो गई है। जिले में अब इक्का-दुक्का पॉजिटिव मिल रहे हैं तो कभी आंकड़ा शून्य ही रह रहा है। जबकि मई में एक दिन में 350 पॉजिटिव तक मिल रहे थे, एक दिन में 5 से 6 मौत हो रही थी। इधर जिले में 16 जून से अब तक एक भी मौत नहीं हुई है। पॉजिटिव भी 29 ही सामने आए हैं। इस दौरान जिले में 19483 लोगों के सैंपलों की जांच हो चुकी है।

### 113 नर्सिंग स्टाफ को दी ट्रेनिंग, अब तीसरी लहर की तैयारी में जुटे

कॉलेज में एचडीयू, नॉन ऑक्सीजन वार्ड खाली हो चुके हैं। ट्राएज एरिया के भी सभी बेड अब खाली ही हैं। कॉलेज में इक्का-दुक्का मरीज हैं। वहीं, कॉलेज में 55 नर्सिंग स्टाफ और 58 पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभी सब कोविड मरीजों पर ही प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### अब 98% रिकवरी रेट, 70% तक आ गया था

- जिले का रिकवरी रेट तेजी से सुधर रहा है। अभी रिकवरी रेट 98% पर बना हुआ है।
- मई-जून के महीने में रिकवरी रेट 70% पर ही बना हुआ था।
- कोरोना काल में रिकवरी रेट के मामले में जून और सितंबर 2020 सबसे खराब रहे थे। इन दिनों रिकवरी रेट 50% तक आ गया था।
- इसके बाद नवंबर महीने में रिकवरी रेट 80% के नीचे रहा था, मार्च के शुरुआती दिनों में यह 97% से ज्यादा रहा था।
- अब दोबारा रिकवरी रेट पुरानी स्थिति में आ चुका है।

### नाकों पर भी लोगों के लिए सैंपल

इधर, जिले में बिना मास्क के घूमने वाले लोगों पर चालानी कार्रवाई हो रही है। रविवार को बंजली नाके से प्रवेश करने वाले लोगों की चेकिंग की गई। बिना मास्क वालों को रोका गया वहीं नाके पर ही सैंपल भी लिए गए हैं।

### ऐसी है सैंपलिंग... आंकड़ों में बड़ा बदलाव नहीं

| पांच दिनों के सैंपल | | 360 से ज्यादा पॉजिटिव थे | |
|---|---|---|---|
| 29 जून | 1380 | 6 मई | 1474 |
| 30 जून | 1280 | 7 मई | 1589 |
| 1 जुलाई | 830 | 8 मई | 1210 |
| 2 जुलाई | 1178 | 9 मई | 2100 |
| 3 जुलाई | 1233 | 10 मई | 1290 |

### रैंडम सैंपल ले रहे, पॉजिटिव आए तो कोविड सेंटर भेज रहे

जिले के प्रवेश नाकों पर चेकिंग हो रही है। यदि कोई बिना मास्क प्रवेश करता है या अन्य शहर का लगता है तो टीम नाके पर ही उनका सैंपल लेती है। डॉ. गौरव बोरीवाल ने बताया सैंपल के बाद उन्हें होम आइसोलेट किया जाता है। यदि पॉजिटिव रहते हैं तो उन्हें कोविड केयर सेंटर में शिफ्ट करते हैं। यदि 750 गाड़ियां गुजर रही हैं तो 100 या 150 लोगों के सैंपल ले रहे हैं।

भास्कर

दै. भास्कर 5/7/21

# मप्र में वैध होंगी अवैध कॉलोनियां अध्यादेश की तैयारी में सरकार

**बड़ा कदम** ● प्रारूप को कल होने वाली कैबिनेट बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में अवैध कालोनियों को वैध करने के लिए शिवराज सरकार अब अध्यादेश लाने जा रही है। इसके माध्यम से 1869 अनाधिकृत (अवैध) कालोनियों को नियमित करने का अधिकार निकायों को मिलेगा। इसके पहले पांच हजार से ज्यादा कालोनियों को शुल्क लेकर नियमित किया जा चुका है। इनका प्रबंधन नगरीय निकायों ने अपने हाथ में ले लिया है, पर तीन जून 2019 के बाद से कोई अवैध कालोनी नियमित नहीं हुई क्योंकि हाई कोर्ट ने मध्य प्रदेश नगर पालिका कालोनाइजर संबंधी शर्तों के एक नियम को रद कर दिया था। इससे रहवासियों के हितों पर पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए मप्र नगर पालिक विधि में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है।


अभी विधानसभा का सत्र नहीं है इसलिए अध्यादेश लाने की तैयारी की गई है। इसके प्रारूप को मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। आगामी नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए इसे बड़ा कदम माना जा रहा है।

**लंबे समय से चल रही कवायद** : प्रदेश में अवैध कालोनियों को नियमित करने का मामला काफी समय से चल रहा है। समय-समय पर कालोनियों को वैधता भी दी गई पर तीन जून 2019 को हाई कोर्ट के एक आदेश के बाद यह काम रुक गया। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने नियम बनाने की बात कही थी पर तैयारी के बीच ही सत्ता परिवर्तन हो गया।

**मानसून सत्र को लेकर जारी नहीं हुई है अधिसूचना:** शिवराज सरकार ने मार्च 2021 के बजट सत्र में संशोधन विधेयक लाने की तैयारी की थी पर कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए सत्र समय से पहले स्थगित हो गया। विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर अभी अधिसूचना जारी नहीं हुई है। सरकार ने अध्यादेश के माध्यम से प्रविधान लागू करने की तैयारी की है।

**1869**
**कालोनियों के रहवासियों को होगा फायदा**

**3 जून 2019 के बाद से कोई अवैध कालोनी नियमित नहीं हुई**



शहरों में बढ़ती अवैध कालोनियां। ● फाइल फोटो

### दिसंबर 2016 तक के निर्माण होंगे शामिल

मप्र नगर पालिका (कालोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम 1998 में नियम 15-क जोड़ा गया था। इसमें 31 जून 1998 तक विकसित अनाधिकृत कालोनियों तथा उसमें भूखंडों पर अवैध निर्माण का शुल्क लेकर नियमितीकरण करने का प्रविधान था। इस वक्त सीमा को पहले 30 जून 2002 तक 31 दिसंबर 2016 तक बढ़ाया गया था।

### ये होंगे फायदे

- बैंक से भूखंड पर ऋण ले सकेंगे।
- सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य सुविधाएं नगरीय निकायों के माध्यम से मिल सकेंगी।
- स्वीकृत नक्शे से अधिक निर्माण यदि 20 फीसद तक है तो उसे समझौता शुल्क लेकर मान्य किया जाएगा। इससे अधिक को तोड़ा जाएगा।
- निकायों की आय बढ़ेगी और विवाद भी खत्म होंगे।


### सख्ती भी होगी

- बिना निर्माण कालोनी बनाने वाले कालोनाइजर के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सात साल की सजा और दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकेगा। रहवासी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी।
- कालोनाइजर यदि जुर्माने की राशि नहीं चुकाते हैं तो बैंक गारंटी या संपत्ति कुर्क करके वसूली की जाएगी।
- यदि अवैध निर्माण होता है तो संबंधित नगरीय निकाय के अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय होगी।

नईदुनिया 5/7/21

# सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर, व्यापारी परेशान

रतलाम | गणेश देवरी के पास सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे व्यापारी परेशान हैं। शुक्रवार को दोपहर से लेकर शाम तक यही स्थिति रही और सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर ही बहता रहा। इससे कारोबार में दिक्कत आई। लोग भी इसी गंदे पानी में आना-जाना करते रहे।



दै. भास्कर 5/7/21